डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(नेशनल अकादमी ऑफ़ लेटर्स)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

'12वें दिल्ली अंतरराष्ट्रीय कला उत्सव' के दौरान काव्यपाठ

राजधानी में पूर्वोत्तर भारत की अनुगूँज

नई दिल्ली, 3 दिसंबर 2018 : साहित्य अकादेमी द्वारा अकादेमी सभाकक्ष में बारहवें अंतरराष्ट्रीय कला उत्सव (1–10 दिसंबर 2018) के दौरान अकादेमी की विशिष्ट कार्यक्रम शृंखला 'पूर्वोत्तरी' के अंतर्गत बहुभाषी कविता पाठ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पूर्वोत्तर भारत से आए चार भाषाओं के कवियों ने अपनी कविताओं की प्रस्तुति से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। नेपाली, मणिपुरी तथा असमिया भाषा के कवियों सर्वश्री राम शाह, यैमा हाओबा और अनुभव तुलसी ने अपनी कविताओं का पाठ अपनी मातृभाषाओं में किए तथा उनके हिंदी/अंग्रेजी अनुवादों का भी पाठ किया। चर्चित हिंदी कवि–आलोचक भरत प्रसाद ने अपनी हिंदी कविताओं के ओजस्वी पाठ से अलग ही प्रभाव छोड़ा। पठित कविताओं के माध्यम से साहित्यप्रेमियों को पूर्वोत्तर भारत के मानस को समझने की दिशा मिली, जिसमें उन्होंने पाया कि उनकी अभिव्यक्तियाँ न केवल व्यक्ति, परिवार और समाज के स्तर पर बहुआयामी हैं, बल्कि उनकी चिंता कहीं न कहीं संपूर्ण भारतीय और वैश्विक परिवेश से भी जुड़ती है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए अकादेमी के विशेष कार्याधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार देवेश ने अंत में औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन किया। साहित्य अकादेमी की सामान्य परिषद् के सदस्य डॉ. ध्रुव ज्योति बर' ने कार्यक्रम के प्रतिभागियों को कला उत्सव के आयोजकों की तरफ से स्मृति चिह्न प्रदान कर उनका अभिनंदन किया।

(के. श्रीनिवासराव)

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in